**46**

**कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति**

**(2022-23)**

**सत्रहवीं लोक सभा**

**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय**

**(कृषि और किसान कल्याण विभाग)**

# 'अनुदानों की मांगें (2022-23)'

**{कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2021-22) के सैंतीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गयी कार्रवाई}**

**छियालिसवां प्रतिवेदन**

सत्यमेव जयते

**लोक सभा सचिवालय**

**नई दिल्ली**

**दिसम्बर, 2022 / अग्रहायण, 1944 (शक)**

# छियालिसवां प्रतिवेदन

## कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति

## (2022-23)

**(सत्रहवीं लोक सभा)**

**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय**
**(कृषि और किसान कल्याण विभाग)**

**'अनुदानों की मांगें (2022-23)'**

**(कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2021-22) के सैंतीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई)**

| | |
|---|---|
| **लोक सभा मे प्रस्तुत किया गया** | 20.12.2022 |
| **राज्य सभा के पटल पर रखा गया** | 20.12.2022 |

**लोक सभा सचिवालय**
**नई दिल्ली**

**दिसम्बर, 2022 / अग्रहायण, 1944 (शक)**

**सीओए सं. 458**

**मूल्य:** …….. **रुपए**

**© 2022 लोक सभा सचिवालय द्वारा**

**लोक सभा सचिवालय द्वारा लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम (सोलहवां संस्करण) के नियम 382 के अंतर्गत प्रकाशित एवं मुद्रित।**

## विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| समिति (2021-22) की संरचना | ................................ | (iii) |
| समिति (2022-23) की संरचना | ................................ | (v) |
| प्राक्कथन | ................................ | (vii) |
| अध्याय एक | प्रतिवेदन................................ | 1 |
| अध्याय दो | टिप्पणियां/सिफारिशें, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया है.......... | 18 |
| अध्याय तीन | टिप्पणियां/सिफारिशें, जिनके संबंध में समिति सरकार के उत्तरो को देखते हुए आगे कार्यवाही नहीं करना चाहती.................. | 39 |
| अध्याय चार | टिप्पणियां/सिफारिशें, जिनके संबंध में समिति ने सरकार के उत्तरो को स्वीकार नहीं किए हैं................................................... | 43 |
| अध्याय पांच | टिप्पणियां/सिफारिशें, जिनके संबंध में सरकार के अंतिम उत्तर अभी प्राप्त नहीं हुए हैं............................................... | 49 |


### अनुबंध


समिति की 15.11.2022 को हुयी दूसरी बैठक का कार्यवाही सारांश 52


### परिशिष्ट


कृषि पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2021-22) के सैंतीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई का विश्लेषण...... 55

## कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति* (2021-22) की संरचना

### श्री पी. सी. गद्दीगौडर- सभापति

### सदस्य

### लोक सभा

2. श्री अफजाल अनसारी
3. श्री होरेन सिंह बे
4. श्री देवेन्द्र सिंह 'भोले'
5. श्री ए. गणेशमूर्ति
6. श्री कनकमल कटारा
7. श्री अबू ताहेर खान
8. श्री मोहन मंडावी
9. श्री किंजरापु राम मोहन नायडू
10. श्री देवजी पटेल
11. श्रीमती शारदा अनिल पटेल
12. श्री बी. बी. पाटील
13. श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील
14. श्री विनायक भाऊराव राऊत
15. श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी
16. श्री राजीव प्रताप रूडी
17. मोहम्मद सादिक
18. श्री वीरेन्द्र सिंह
19. श्री वी. के. श्रीकंदन
20. श्री मुलायम सिंह यादव
21. श्री राम कृपाल यादव

### राज्य सभा

22. श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा
23. श्री कैलाश सोनी
24. श्री राम नाथ ठाकुर
25. श्री वाइको
26. श्री हरनाथ सिंह यादव
@27. रिक्त
@28. रिक्त
@29. रिक्त
30. रिक्त
31. रिक्त

---

* बुलेटिन भाग 2 पैरा संख्या 3293 दिनांक 23.11.2021 के द्वारा कृषि संबंधी स्थायी समिति का नाम बदलकर कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति कर दिया गया।

@ श्री प्रताप सिंह बाजवा, सांसद राज्य सभा दिनांक 21.03.2022 से राज्य सभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण समिति के सदस्य नहीं रहे; सरदार सुखदेव सिंह ढींडसा, सांसद राज्य सभा, 09.04.2022 से राज्यसभा से उनकी सेवानिवृत्ति के कारण समिति के सदस्य नहीं रहे और श्री सुरेन्द्र सिंह नागर, सांसद राज्य सभा, 04.07.2022 से राज्यसभा से उनकी सेवानिवृत्ति के कारण समिति के सदस्य नहीं रहे।

## सचिवालय

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1ए | श्री शिव कुमार | . | अपर सचिव |
| 2ए | श्री सुन्दर प्रसाद दस | . | निदेशक |
| 3ए | श्री एन. अमरात्यागन | - | अवर सचिव |

## कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2022-23) की संरचना

**श्री पी. सी. गद्दीगौडर- सभापति**

**सदस्य**

**लोक सभा**

2. श्री अफजाल अनसारी
3. श्री होरेन सिंह बे
4. श्री ए. गणेशमूर्ति
5. श्री कनकमल कटारा
6. श्री अबू ताहेर खान
7. श्री राम मोहन नायडू किंजरापु
8. श्री मोहन मण्डावी
9. श्री देवजी मनसिंहराम पटेल
10. श्रीमती शारदा अनिलकुमार पटेल
11. श्री भीमराव बसवंतराव पाटील
12. श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटील
13. श्री विनायक भाऊराव राऊत
14. श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी
15. श्री राजीव प्रताप रूडी
16. मोहम्मद सादिक
17. श्री देवेन्द्र सिंह भोले सिंह (ऊर्फ)
18. श्री वीरेन्द्र सिंह
19. श्री वी. के. श्रीकंदन
20. श्री राम कृपाल यादव
*21. रिक्त

**राज्य सभा**

22. श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा
23. श्री मस्थान राव बीडा
24. डाअनिल सुखदेवराव . बोंडे
25. श्री एस. कल्याणसुन्दरम
26. श्री सुरेन्द्र सिंह नागर
27. श्री कैलाश सोनी
28. श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला
29. श्री राम नाथ ठाकुर
30. श्री वाइको
31. श्री हरनाथ सिंह यादव

---

* दिनांक 14.10.2022 के बुलेटिन- भाग II, पैरा संख्या 5316 द्वारा 10.10.2022 को श्री मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त ।

## सचिवालय

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री शिव कुमार** | **-** | **अपर सचिव** |
| 2. | **श्री नवल के. वर्मा** | **-** | **निदेशक** |
| 3. | **श्री उत्तम चंद भारद्वाज** | **-** | **अपर निदेशक** |
| 4. | **श्री एन. अमरात्यागन** | **-** | **अवर सचिव** |

# प्राक्कथन

मैं, कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2022-23) का सभापति, समिति की ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किए जाने पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि और किसान कल्याण विभाग) से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2022-23)' पर कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2021-22) के सैंतीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई संबंधी छियालिसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

2. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि और किसान कल्याण विभाग) से संबंधित 'अनुदानों की मांगों (2022-23)' पर कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (2021-22) के सैंतीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) को दिनांक 24.03.2022 को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया और राज्य सभा के पटल पर रखा गया। प्रतिवेदन से संबंधित की गई कार्रवाई टिप्पणियाँ दिनांक 27.06.2022 को प्राप्त हुईं।

3. प्रतिवेदन को समिति की 15.11.2022 को हुई बैठक में विचारोपरांत स्वीकार किया गया।

4. समिति के सैंतीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का विश्लेषण परिशिष्ट में दिया गया है।

नई दिल्ली;
6 दिसम्बर, 2022
15 अग्रहायण,1944(शक)

पी. सी. गद्दीगौडर
सभापति,
कृषि,पशुपालन और खाद्य
प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति

## अध्याय- एक

## प्रतिवेदन

**कृषि संबंधी स्थायी समिति का यह प्रतिवेदन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि एवं किसान कल्याण विभाग) की अनुदानों की मांगों (**2022-23) **के संबंध में कृषि**, **पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति (**2021-2022) **के सैंतीसवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में है**, **जिसे दिनांक** 24.03.2022 **को लोक सभा में प्रस्तुत किया गया था और राज्य सभा के पटल पर रख गया था।**

1.2 **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (कृषि एवं किसान कल्याण विभाग) ने प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सभी** 20 **टिप्पणियों/सिफारिशों के संबंध में की-गई-कार्रवाई उत्तर प्रस्तुत किए हैं। इन उत्तरों को निम्नानुसार श्रेणीबद्ध किया गया है:**

(i) **टिप्पणियां/सिफारिशें**, **जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया है** : **अध्याय- दो**
**सिफारिश सं.** 1, 6, 9, 10, 11, 12, 13, 15, 16, 17, 18, 19 **और** 20. **(कुल- 13)**

(ii) **टिप्पणियां/सिफारिशें**, **जिनके संबंध में समिति सरकार के उत्तर को देखते हुए आगे कार्रवाई नहीं करना चाहती**: **अध्याय-तीन**
**सिफारिश सं.** 3, 5 **और** 8. **(कुल- 03)**

(iii) **टिप्पणियां/सिफारिशें**, **जिनके संबंध में समिति ने सरकार के उत्तर स्वीकार नहीं किए हैं**: **अध्याय-चार**
**सिफारिश सं.** 7 **और** 14. **(कुल- 02)**

(iv) **टिप्पणियां/सिफारिशें**, **जिनके संबंध में सरकार के उत्तर अभी प्राप्त नहीं हुए हैं** **अध्याय-पांच**
**सिफारिश सं.** 2 **और** 4. **(कुल- 02)**

**1.3 समिति चाहती है कि सरकार द्वारा स्वीकार की गई टिप्पणियों/सिफारिशों के कार्यान्वयन को अत्यधिक महत्व दिया जाए। ऐसे मामलों में, जहां सरकार के लिए सिफारिशों को अक्षरश: कार्यन्वित करना संभव नहीं है, मामले को समक्ष कार्यान्वयन न करने के कारणों के साथ समिति को सूचित किया जाए। समिति यह चाहती है कि इस प्रतिवेदन के अध्याय-I और अध्याय-V में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर आगे की-गई-कार्रवाई टिप्पण यथाशीघ्र भेजे जाएं।**

1.4 **अब समिति उत्तरवर्ती पैराओं में अपनी कुछ सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई पर विचार करेगी।**

**<u>अनुदानों की मांगों- का विश्लेषण मांग संख्या 1</u>**

**(सिफारिश सं. 1)**

1.5 **समिति ने निम्नवत टिप्पणी/सिफारिश की थी:-**

**"समिति ने नोट किया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को ब.अ. चरण में वर्ष** 2022-23 **के लिए** 1,24,000 **करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो सं.अ.** 2021-22 **की तुलना में** 4.82% **अधिक है। वर्ष** 2019-20, 2020-21 **और** 2021-22 (17.02.2022 **तक) के लिए धन का वास्तविक उपयोग सं.अ. के संदर्भ में क्रमशः** 92.74% 93.03% **और** 80.37% **है। दिनांक** 17.02.2022 **तक** 80.37% **निधियों के उपयोग से पता चलता है कि विभाग को वर्ष** 2021-22 **के शेष बचे लगभग डेढ़ महीनों में निधियों का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। समिति का मानना है कि संशोधित अनुमान के बजाय वास्तविक व्यय के साथ तुलना करने के लिए बजट अनुमान एक बेहतर स्रोत है। इसके अलावा, विभाग वर्ष** 2021-22 **के दौरान अब तक अपनी मासिक व्यय योजना पर खरा नहीं उतर पाया है। समिति सिफारिश करती है कि विभाग मासिक व्यय योजना पर अडिग रहकर आबंटित निधियों के शत-प्रतिशत इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करे। उन्हें लगता है कि वर्ष के अंत में खर्च की किसी भी जल्दबाज़ी को हर कीमत पर टाला जाए।**

1.6 **विभाग ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया है: -**

" **वर्ष** 2021-22 **के लिए व्यय** 114785.35 **करोड़ रुपये हैं जो सं.अ.(**2021-22) **का** 97.03% **है। वित्तीय वर्ष के प्रारंभिक महीनों के दौरान व्यय की धीमी गति** 1 **जुलाई**, 2021 **से**

**प्रभावी सीएसएस योजनाओं के तहत निधियों को जारी करने के लिए संशोधित प्रक्रिया की शुरूआत के कारण थी। इसके अलावा, समिति की सिफारिश के अनुरूप, यह विभाग धनराशि जारी करने के प्रस्तावों में तेजी लाने और अन्य संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मामले पर बातचीत कर रहा है ताकि धन का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके और वर्ष के अंत में खर्च की जल्दीबाजी से बचा जा सके।"**

**1.7 कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में अन्य बातों के साथ-साथ यह बताया है कि समिति की सिफारिश के अनुरूप, धनराशि जारी करने के प्रस्तावों में तेजी लाने और अन्य संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ इस मामले पर बातचीत कर रहा है ताकि धन का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके और वर्ष के अंत में खर्च की जल्दीबाजी से बचा जा सके। समिति विभाग के उत्तर की सराहना करते हुए इस बात पर बल देना चाहती है कि विभाग मासिक व्यय योजना तैयार और कार्यान्वित करे एवं आवंटित धन का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करे।**

**(सिफारिश सं. 2)**

1.8 **समिति ने निम्नवत टिप्पणी/सिफारिश की थी:-**

**'समिति ने नोट किया कि वर्ष** 2021-22 **के दौरान निधियों के उपयोग के बारे में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, विभाग ने बताया है कि जो प्रस्ताव विचाराधीन हैं उनको ध्यान में रखते हुए, पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अनिवार्य प्रावधान के तहत आवंटित कोटा को छोड़कर, जहां कम खेती योग्य क्षेत्र होने उन राज्यों द्वारा उतनी ही राशि जारी न करने और सामुदायिक भूमि विभाग द्वारा चालू वित्त वर्ष** 2021-22 **के दौरान पूरे बजट का उपयोग किए जाने की संभावना है, के कारण उपयोग सीमित है। यह, स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि विभाग ने स्वीकार किया है कि वर्ष** 2021-22 **के समापन से पहले तक उस आवंटित धन का पूरी तरह से उपयोग कर पाना संभव नहीं होगा। समिति का यह सुविचारित मत है कि चूंकि विभाग उन कारणों/कारकों से अवगत है, जो उपलब्ध निधियों के शत-प्रतिशत उपयोग में बाधा डालते हैं, इसलिए उसे वित्तपोषण पद्धति के साथ-साथ कार्यान्वयन की विधि सहित अपनी स्कीमों में समुचित संशोधन करना**

**चाहिए ताकि कृषि क्षेत्र के लिए निर्धारित निधियों का प्रभावी और इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। समिति इस संबंध में उठाए गए कदमों से अवगत होना चाहेगी।"**

1.9 **विभाग ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया है:-**

**"समिति की सिफारिश के अनुसार, विभाग ने वर्ष** 2021-22 **के दौरान आवंटित निधियों के अधिकतम उपयोग के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप सं.अ. (**2020-21) **के** 97.03% **का उपयोग किया गया है। इसके अलावा, विभाग परिचालन दिशानिर्देशों में उन कारकों और नियमों की पहचान कर रहा है जो निधियों के उपयोग में बाधा उत्पन्न करते हैं और योजना के ईएफसी में प्रावधानों को शामिल करते हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और पूर्वोत्तर राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करके एक कार्य दल का भी गठन किया गया है।**

**1.10 समिति ने अन्य बातों के साथ-साथ सिफारिश की थी कि चूंकि विभाग उन कारणों/कारकों से अवगत था, जो निधियों के शत-प्रतिशत उपयोग में बाधा डालते हैं, इसलिए उन्हें अपनी योजनाओं को वित्त पोषण पैटर्न के साथ-साथ कार्यान्वयन की पद्धति सहित उपयुक्त रूप से संशोधित करना चाहिए ताकि कृषि क्षेत्र के लिए निर्धारित निधियों का प्रभावी और इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस संदर्भ में, यह उत्तर दिया गया है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग परिचालन दिशानिर्देशों में उन कारकों और नियमों का लता लगा रहा है जो निधियों के उपयोग में बाधा उत्पन्न करते हैं को समिति करते हैं और योजना के ईएफसी में प्रावधानों को शामिल करते हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय और पूर्वोत्तर राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करके एक कार्य दल का भी गठन किया गया है। समिति इस संबंध में विभाग द्वारा की गई विशिष्ट कार्रवाई के बारे में जानना चाहती है।**

**<u>विभाग द्वारा सरेंडर की गई राशि</u>**

**(सिफारिश सं. 4)**

1.11 **समिति ने निम्नवत टिप्पणी/सिफारिश की:-**

**समिति ने विभाग के उत्तर से नोट किया है कि** 2019-20, 2020-21 **और** 2021-22 **के दौरान क्रमशः** 34517.70 **करोड़ रुपये**, 23824.54 **करोड़ रुपये और** 9586.86 **करोड़ रुपये की राशि वापस कर दी गई है। इसका मतलब है कि इन वर्षों में विभाग द्वारा** 67929.10 **करोड़ रुपये बिना खर्च किए ही लौटा दिये गए हैं। समिति की राय है कि निधियों का लौटा दिया जाना जो बिलकुल भी ठीक नहीं ठहराया जा सकता; जिसे समिति मानती है कि एनईएस (पूर्वोत्तर राज्य), एससीएसपी (अनुसूचित जाति उप-योजना) और जनजातीय क्षेत्र उप-योजना (टीएएसपी) घटकों के तहत आवश्यकता कम होने के नाम पर वापस किया गया है। समिति ने निधियों के वापस लौटाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। इसलिए, समिति विभाग को निधियों के परिहार्य समर्पण के कारणों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने की सिफारिश करती है कि निधियों का पूर्ण, उचित और कुशलतापूर्वक उपयोग किया जाए।''**

1.12 **विभाग ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया है:-**

"**वित्त वर्ष** 2021-22 **के निधि कों वापस लौटाना मुख्य रूप से सभी केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के लिए** 1 **जुलाई** 2021 **से वित्त मंत्रालय द्वारा प्रख्यापित दिशानिर्देशों के अनुपालन से संबंधित शुरुआती मुद्दों के कारण है और उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में कम आवश्यकता को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है (** i) **पीएम-किसान और अन्य योजनाओं के तहत धन जारी करने के लिए भूमि जोत एक आवश्यक मानदंड है**, (ii)**उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में अधिकांश भूमि सामुदायिक भूमि है, और (**iii) **उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में कुल कृषि योग्य भूमि (क्षेत्र) सकल कृषि योग्य क्षेत्र (सीजीए) का** 2.74% **है। ।**

**इसके अलावा, यह विभाग प्रस्तावों में तेजी लाने और अन्य संबंधित मुद्दों को त्वरित रूप से और विभिन्न योजनाओं के तहत धन के प्रवाह की गति की निगरानी और परिचालन दिशानिर्देशों में कारकों और नियमों जो निधियों के उपयोग में बाधा उत्पन्न करता है और योजनाओं के ईएफसी में प्रावधानों को शामिल करता है, की पहचान करने के लिए राज्य सरकारों और अन्य संबंधित संगठनों के साथ मामले को आगे बढ़ा रहा है।**"

**1.13 समिति ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान विभाग द्वारा धन कों वापस लौटाने पर नाराजगी व्यक्त की थी, और उन्हें वर्ष 2019-20 में 34,517.70 करोड़ रुपये, वर्ष 2020-21 में 23824.54 करोड़ रुपये और वर्ष 2021-22 में 9586.10 करोड़ रुपये कों वापस लौटाने के कारणों**

**का पता लगाने की सिफारिश की थी और यह सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय किये जाएं निधि का पूरी तरह से, सूचित और कुशलता से उपयोग हो। सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई उत्तर के अवलोकन से समिति यह पाती है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्ष 2019-20 और 2020-21 के दौरान निधियों कों वापस करने के कारण प्रस्तुत नहीं किए हैं। विभाग के अनुसार, वर्ष 2021-22 में निधियों कों वापस करना मुख्य रूप से वित्त मंत्रालय द्वारा सभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के लिए दिनांक 01.07.2021 से जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन से संबंधित शुरुआती मुद्दों और पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में कम आवश्यकता के कारण है। विभाग ने यह भी बताया कि विभिन्न योजनाओं के तहत व्यय की गति और धन के प्रवाह की बारीकी से निगरानी कर रहा है और परिचालन दिशानिर्देशों में कारकों और नियमों की पहचान कर रहा है, जो धन के उपयोग में बाधा उत्पन्न करते हैं सीमित करते हैं इसलिए, समिति चाहती है कि विभाग इस मामले पर पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई करे और वर्ष 2019-20 और 2020-21 के दौरान निधियों वापस करने संबंधी कारणों के साथ-साथ निधियों के उपयोग को सीमित करने वाले कारकों के साथ-साथ यह सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय किए जाएं कि निधियों का पूरी तरह से, समुचित और कुशलता से उपयोग हो।**

**<u>उपयोगिता प्रमाण पत्रों (यूसी) की स्थिति</u>**

**(सिफारिश सं. 6)**

1.14 **समिति ने निम्नवत टिप्पणी/सिफारिश की थी:-**

> **"समिति ने नोट किया कि राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के पास लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) की राशि वर्ष** 2016-17 **और** 2020-21 **के बीच के वर्षों में बढ़ती रही है। समिति को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि वर्ष** 2016-17 **में लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र मात्र** 188 **करोड़ रुपये थे जो पांच साल की अवधि में सत्रह गुना से अधिक बढ़ गए हैं। इससे यह साबित होता है कि विभाग का निगरानी तंत्र अनिवार्य उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने में पूरी तरह से विफल रहा है। विभाग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष** 2018-19 **तक,** 917.36 **करोड़ रुपये की यूसी लंबित थी जो वर्ष** 2019-20 **के दौरान बढ़कर** 1765.57 **करोड़ रुपये हो गई। इसके अलावा, वर्ष** 2020-21 **के दौरान, विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के पास** 3237.11 **करोड़ रुपये की यूसी लंबित थी। समिति का मानना है कि लंबित यूसी की बढ़ती संख्या निश्चित रूप से विभाग द्वारा चलाए जा रहे**

**कार्यक्रमों/योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डाल रही है क्योंकि लंबित यूसी कार्यान्वयन एजेंसियों को आगे की निधियां प्राप्त करने से वंचित करते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि विभाग द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी प्रणाली अपने कार्य को पूरी लगन से और प्रभावी तरीके से नहीं कर रही है। इसलिए, समिति सिफारिश करती है कि विभाग लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों के बढ़ते मामलों पर गंभीरता से विचार करे और इसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों के दौर में पूरी गंभीरता के साथ उठाए और निर्धारित समय के भीतर आवंटित निधियों का उपयोग करने और समय पर यूसी प्रस्तुत करने के लिए सक्रिय रूप से आगे बढ़े ताकि इन राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को इन योजनाओं/कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ मिल सके।"**

1.15 **विभाग ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया है:-**

**"यूसी के लंबित संबंधी मुद्दे को हल करने के लिए और केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के तहत राज्यों को जारी निधियों की उपलब्धता की बेहतर निगरानी के लिए, भारत सरकार ने हाल ही में 1 जुलाई 2021 से सीएसएस के तहत निधि जारी करने की प्रक्रिया को संशोधित किया है। अन्य बातों के साथ-साथ लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की समस्या से निपटने की प्रक्रिया में सटीक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। यह विभाग राज्य सरकारों के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कर रहा है और इस संबंध में पूर्व में उठाए गए कदमों के अलावा पूर्व में जारी की गई निधियों के उपयोग की निगरानी भी कर रहा है।**

**इसके अलावा, वित्त मंत्रालय ने 1 अप्रैल, 2022 से केंद्र प्रायोजित योजना के समान ही केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत निधि जारी करने के लिए दिशा-निर्देश प्रख्यापित किए हैं।**

**1.16 प्राप्त उत्तर के अनुसार केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के तहत धन जारी करने की प्रक्रिया को दिनांक 01.07.2021 से संशोधित किया गया है और लंबित यूसी की समस्या से निपटने के लिए सुस्पष्ट दिशानिर्देशों के बारे में बताया गया है। विभाग ने दिनांक 01.07.2022**

**से केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत निधियां जारी करने के लिए इसी तरह के दिशा-निर्देश प्रख्यापित किए हैं। इस पृष्ठभूमि में, समिति इस मामले में विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान जारी अर्थात् अब तक हुई प्रगति लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्रों की संख्या और निधियों की मात्रा के बारे में जानना चाहती है।**

**<u>किसानों की आय दोगुनी करना</u>**

**(सिफारिश सं. 7)**

1.17 **समिति ने निम्नवत टिप्पणी/सिफारिश की थी:-**

**यह सच है कि एक निश्चित समय-सीमा के भीतर इस देश के प्रत्येक किसान की आय को दोगुना करने की ज़िम्मेदारी भारत सरकार के विभिन्न विभागों, संगठनों और मंत्रालयों की है। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि किसानों की आय को दोगुना करने का प्रमुख कार्य कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का है। विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर से ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग वर्ष** 2015-16 **और** 2018-19 **के बीच कुछ राज्यों के किसानों की आय को दोगुना करने से अभी बहुत दूर है, अर्थात चार वर्षों में, झारखंड में यह** 7068 **रुपये से घटकर** 4895 **रुपये हो गया है, मध्य प्रदेश में यह** 9740 **रुपये से घटकर** 8339 **रुपये हो गया है। नागालैंड में यह** 11428 **रुपये से घटकर** 9877 **रुपये हो गया है, ओडिशा के लिए यह** 5274 **रुपये से घटकर** 5112 **रुपये हो गया है। ऐसा तब हुआ है जब देश की मासिक कृषि आधारित पारिवारिक आय** 8059 **रुपए से बढ़कर** 10218 **रुपए हो गई है, जो कि समिति की राय में किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार द्वारा एक प्रशंसनीय और समय पर किया गया हस्तक्षेप है। समिति ने यह भी नोट किया है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा किए गए स्थिति मूल्यांकन सर्वेक्षण के अनुसार, इस संबंध में प्रश्न का उत्तर दिया जाना बाकी है कि कुछ राज्यों में वर्ष** 2015-16 **और** 2018-19 **के बीच मासिक घरेलू आय में गिरावट क्यों आ रही है, जबकि किसानों की संख्या लगभग समान है या कहीं बढ़ ही रही है और क्या कृषि और किसान कल्याण विभाग मूक दर्शक के रूप में बना हुआ है। इसलिए, समिति सिफारिश करती है कि विभाग उन राज्यों में किसानों की आय में गिरावट के कारणों का पता लगाने के लिए एक विशेष दल तैयार करे और कुछ सुधारात्मक उपाय करे ताकि किसानों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य को भूल न जांए।"**

1.18 **विभाग ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया है:-**

**"सरकार ने कई विकास कार्यक्रमों, योजनाओं, सुधारों और नीतियों को अपनाया है जो किसानों के लिए उच्च आय पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इन सभी नीतियों और कार्यक्रमों को उच्च बजटीय आबंटनों और गैर-बजटीय वित्तीय संसाधनों जैसे सूक्ष्म सिंचाई निधि आदि जैसे कायिक निधि बनाने द्वारा समर्थित किया जा रहा है। इस क्षमता को उजागर करने के लिए कई सुधार किए गए हैं, जैसे आत्मनिर्भर पैकेज (कृषि) के तहत आवश्यक वित्तीय सहायता के साथ 10,000 एफपीओ का गठन और संवर्धन। आत्म निर्भर भारत के तहत बुनियादी ढांचे के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके लिए 1,00,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ कृषि संरचना निधि (एआईएफ) बनाया गया है। । अन्य विशेष पहलों में पीएम-किसान के तहत पूरक आय हस्तांतरण; प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई); प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई); सभी खरीफ और रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि, उत्पादन लागत, मधुमक्खी पालन पर लाभ मार्जिन का न्यूनतम 50 प्रतिशत सुनिश्चित करना; राष्ट्रीय गोकुल मिशन; नीली क्रांति; ब्याज सहायता योजना; किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जो अब कृषि फसलों आदि के अलावा डेयरी और मछुआरों को भी उत्पादन ऋण प्रदान करता है,इत्यादि शामिल हैं। पर्यावरणीय स्थिरता के लिए, सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन (एनएमएसए) वर्ष 2014-15 में शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य भारतीय कृषि को बदलती जलवायु के लिए अधिक लचीला बनाने हेतु रणनीति विकसित और कार्यान्वित करना है। कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकियों को अपनाने से भारतीय कृषि में क्रांति लाने की क्षमता है। इस क्षेत्र के किसानों और अन्य हितधारकों के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी को सस्ती बनाने के लिए, कृषि मशीनीकरण पर उप-मिशन(एसएमएएम) के तहत किसान के खेतों पर इसके प्रदर्शन के लिए आईसीएआर / एसएयू / राज्य सरकारों / राज्य सरकार के संस्थानों को आकस्मिक व्यय के साथ-साथ ड्रोन की 100% लागत की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।**

**कुछ राज्यों में किसानों की आय में गिरावट के कारणों का पता लगाने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने के लिए एक विशेष दल बनाने हेतु समिति की सिफारिशों को विचार करने हेतु नोट किया गया है।"**

**1.19 समिति ने अपने 37वें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अन्य बातों के साथ-साथ कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से झारखंड, मध्य प्रदेश, नागालैंड और ओडिशा जैसे कुछ राज्यों में वर्ष 2015-16 और 2018-19 के बीच किसानों की आय में गिरावट के कारणों का पता लगाने के लिए एक विशेष दल तैयार करने और कड़े सुधारात्मक उपाय करने की सिफारिश की थी ताकि किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य को भूल न जाएं। अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में, विभाग ने उल्लेख किया है कि कई विकास कार्यक्रम, योजनाएं, सुधार और नीतियां किसानों के लिए अधिक आय पर ध्यान केंद्रित करती हैं। यह भी बताया गया है कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए एक विशेष दल तैयार करने और कड़े सुधारात्मक उपाय करने के लिए समिति की सिफारिशों पर विचार किया गया है। समिति यह पाती है कि विभाग द्वारा इस मामले में केवल यह कहने के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है कि समिति की सिफारिशों को नोट कर लिया गया है। इसलिए समिति अपनी पूर्ववर्ती सिफारिश को दोहराती है। समिति को इस मामले में की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए।**

**<u>संशोधित ब्याज सहायता योजना</u>**

**(सिफारिश सं. 14)**

1.20 **समिति ने निम्नवत टिप्पणी/सिफारिश की थी:-**

> **"समिति ने नोट किया कि किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए संभवत वर्ष** 2006-07 **के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई थी। समिति यह जानना चाहेगी कि वर्ष** 2021-22 **के अंत तक देश में राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने किसान हैं। समिति यह भी जानना चाहेगी कि उन उपलब्ध किसानों में से राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया गया है और विभाग को इस देश के सभी किसानों को कवर करने में कितने और वर्ष लग सकते हैं।"**

1.21 **विभाग ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया है:-**

> **"अधिक से अधिक किसानों की केसीसी के तहत लाने के लिए ताकि उन्हें संशोधित ब्याज सहायता योजना के माध्यम से सस्ती दर पर ऋण मिल सके, सरकार पीएम-किसान लाभार्थियों पर विशेष ध्यान देने के साथ सभी बचे हुए किसानों को कवर करने के लिए**

फरवरी, 2020 से किसानों को केसीसी के दायरे में लाने के लिए एक अभियान चला रही है।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत, भारत सरकार ने किसानों को 2.5 करोड़ नए केसीसी प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह संकट के समय में किसानों को रियायती ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए था। इसके परिणामस्वरूप, दिनांक 29-04-2022 तक, 3,42,009 करोड़ रुपये की स्वीकृत ऋण सीमा के साथ 307.46 लाख केसीसी जारी किए गए हैं।

31 मार्च, 2022 तक पात्र पीएम-किसान लाभार्थियों की राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुबंध-1 में उपलब्ध है। चालू केसीसी खातों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या अनुबंध-दो में उपलब्ध है।

**1.22 समिति ने अपनी सिफारिश में वर्ष 2021-22 के अंत तक देश में किसानों की राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल संख्या और किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए किसानों की संख्या एवं विभाग को इस देश के सभी किसानों को केसीसी प्रदान करने में और कितने साल लगेंगे आदि के बारे में जानना चाहा। अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में, विभाग ने 31 मार्च, 2022 तक पात्र पीएम-किसान लाभार्थियों की संख्या और चालू केसीसी खातों की कुल संख्या के बारे में राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा प्रदान किया है। यह उल्लेख किया गया है कि सरकार केसीसी के तहत अधिकतम संख्या में किसानों को लाने के लिए पीएम-किसान लाभार्थियों पर विशेष ध्यान देने के साथ सभी बचे हुए किसानों को कवर करने के लिए फरवरी, 2020 से किसानों को केसीसी के दायरे मे लाने के लिए एक अभियान चला रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत, भारत सरकार संकट के समय किसानों को रियायती ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 2.5 करोड़ नए केसीसी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके परिणामस्वरूप,दिनांक 29-04-2022 तक, 3,42,009 करोड़ रुपये की स्वीकृत ऋण सीमा के साथ 307.46 लाख केसीसी जारी किए गए हैं। हालांकि, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के की-गई-कार्रवाई उत्तर में वर्ष 2021-22 के अंत तक देश में किसानों की राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या और संभावित समय अवधि जिसमें विभाग किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत सभी किसानों को कवर करेगा, के बारे**

**में ब्यौरा नहीं दिया गया है । इसलिए समिति अपनी पूर्ववर्ती सिफारिश को दोहराती है और चाहती है कि उनके द्वारा मांगी गई सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाए।**

**<u>कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ़)</u>**

**(सिफारिश सं. 18)**

1.23 **समिति ने निम्नवत टिप्पणी/सिफारिश की थी:-**

"**समिति ने नोट किया है कि वर्ष** 2021-22 **के दौरान** 200 **करोड़ रुपये के स.अ. के मुकाबले कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) योजना के कार्यान्वयन के लिए वर्ष** 2022-23 **के लिए** 500 **करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इस योजना के अंतर्गत**, 10 **वर्षों में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए** 1 **लाख करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अनुसार**, **एआईएफ पोर्टल को अब तक** 15,500 **आवेदन प्राप्त हुए हैं**, **जो कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) योजना के तहत** 13,400 **करोड़ रुपये के सब्सिडी वाले ऋण की मांग करते हैं। इसमें से** 6431 **करोड़ रुपए के ऋण की योजना के अंतर्गत कुल** 8900+ **परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं**, **जिनमें नाबार्ड द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति शामिल है। वर्ष** 2021-22 **के दौरान (**31.01.2022 **तक) ऋणदाता संस्थानों को ब्याज सहायता और ऋण गारंटी के नाम पर कथित तौर पर** 12,54,12,329/- **रुपये जारी किए गए हैं। योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान गति को ध्यान में रखते हुए**, **समिति सिफारिश करती है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग लक्षित** 10-**वर्ष की अवधि के शेष वर्षों के दौरान योजना के कार्यान्वयन के लिए एक वर्ष-वार विस्तृत कार्य योजना तैयार करे। योजना के विभिन्न घटकों के लिए निधियों की आवश्यकता की मात्रा और अवसंरचना विकास के लिए ऋण स्वीकृति/जारी करने के लिए अपेक्षित निधियों की मात्रा के संदर्भ में वर्ष-वार लक्ष्य इस योजना के लिए निर्धारित निधियों के उपयोग के लिए निर्धारित किए जा सकते हैं। इस योजना की राज्य**, **संघ राज्य क्षेत्र**, **जिला और ग्राम स्तरों पर कड़ी निगरानी की जानी चाहिए। समिति इस मामले में की गई कार्रवाई से अवगत होना चाहेगी।**"

1.24 **विभाग ने अपने की-गई-कार्रवाई उत्तर में निम्नवत बताया है:-**

"लक्षित 10 वर्ष की अवधि के शेष वर्षों के दौरान योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्षवार विस्तृत कार्य योजना।

योजना के कार्यान्वयन के लिए कार्य योजना को मोटे तौर पर 3 प्रमुख मानकों यानी पहचान, जागरूकता, संचालन में वर्गीकृत किया गया है।

1. पहचान
    - एपीएमसी, फ्रेमर समूहों, राष्ट्रीय और राज्य एजेंसियों, कृषि क्षेत्र में काम करने वाले निजी व्यावसायिक घरानों जैसे संभावित निवेशकों की पहचान।
    - देश की अवसंरचना आवश्यकता की पहचान।
    - अंतराल मूल्यांकन अध्ययन के माध्यम से राज्यवार अवसंरचनात्मक अंतराल और आवश्यकताओं की पहचान करना।
2. जागरूकता निर्माण

    योजना के विभिन्न हितधारकों के साथ उचित मीडिया नियोजन, कार्यशालाओं, सम्मेलनों, भौतिक संगोष्ठियों, राज्य और जिला स्तर पर संबंधित विभागों और अन्य संस्थानों के साथ जागरूकता और समन्वय का उपयोग करके जमीनी स्तर तक जागरूकता पैदा की जाएगी।

3. संचालन और निगरानी।

    ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से योजना का कुशल संचालन और प्रबंधन, एनएलएमसी, एसएलएमसी और डीएलएमसी की अनुसूचित बैठकें, राज्य स्तरीय पीएमयू का निर्माण और सक्रियण, मॉडल डीपीआर तैयार करने और निर्बाध ऑनलाइन दावा निपटान प्रक्रिया के माध्यम से आवेदकों को सहायता प्रदान करना।

योजना के विभिन्न घटकों के लिए आवश्यक निधि की मात्रा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ऋण स्वीकृति/जारी करने के लिए आवश्यक निधि की मात्रा के संदर्भ में वर्ष-वार लक्ष्य योजना के लिए निर्धारित निधियों के उपयोग के लिए निर्धारित किए जा सकते हैं।

| | विवरण | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | विवरण | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | संवितरण | 298 | 3,643 | 18264 | 25265 | 25265 | 27265 | 1,00,000 |
| ख | संचयी वितरण | 298 | 3,941 | 22,205 | 47,470 | 72,735 | 1,00,000 | |
| ग | भुगतान | - | - | 60 | 788 | 4,441 | 9,494 | 14,783 |
| घ | संचयी भुगतान | - | - | 60 | 848 | 5,289 | 14,783 | |
| ङ | बकाया | 298 | 3,941 | 22,145 | 46,622 | 67,446 | 85,217 | |
| च | 2 करोड़ से कम बकाया राशि | 149 | 1,971 | 11,073 | 23,311 | 33,723 | 42,609 | |
| छ | ब्याज सहायता (3% x च) | 4 | 59 | 332 | 699 | 1,012 | 1,278 | 3,385.05 |
| ज | ऋण स्वीकृत (1.33% X ङ) | 2 | 26 | 147 | 310 | 449 | 567 | 1,500.71 |
| झ | 2 करोड़ से अधिक बकाया राशि | 149 | 1,971 | 11,073 | 23,311 | 33,723 | 42,609 | |
| ञ | ब्याज सहायता (3% x 33.33% x झ) | 1 | 20 | 111 | 233 | 337 | 426 | 1,128 |
| ट | कुल योजना लागत (छ + ज +ञ) | 8 | 105 | 590 | 1,242 | 1,797 | 2,271 | 6,014 |
| ठ. | प्रशासन लागत (योजना लागत का 2%,अधिकतम 200 करोड़) | 17 | 7 | 51 | 40 | 20 | 20 | 155 |
| ड | कुल लागत (ट. + ड) | **25** | **112** | **641** | **1,282** | **1,817** | **2,291** | **6,169** |

***गणना के लिए अनुमान:***

1. ***वर्ष के पहले दिन सभी संवितरण***
2. ***वर्ष के पहले दिन सभी भुगतान***
3. *2* ***करोड़ रु. तक की ऋण राशि के लिए ब्याज सहायता;*** *2* ***करोड़ रुपये से ऊपर*** *50%* ***ऋण***
4. ***पूर्ण भुगतान तक प्रत्येक वर्ष के लिए कुल बकाया निवेश पर*** *3%* ***के लिए ब्याज सहायता***
5. *2* ***करोड़ रुपये से अधिक के ऋण के लिए ऋण राशि के*** *33.33* ***प्रतिशत के लिए ब्याज सहायता।(6 करोड़ रुपये की औसत ऋण)***
6. *2* ***करोड़ रुपये तक के ऋण पर क्रेडिट गारंटी भारित औसत*** *1.33%(* ***महिलाएं*** *30%,* ***पूर्वोत्तर पुरुष*** *10%,* ***आरओआई सूक्ष्म उद्यम पुरुष*** *10% ,* *5* ***लाख रुपये तक***

*20% ऋण, 5-50 **लाख रुपये के बीच** 20% ऋण, 50 **लाख रुपये से** 2 **करोड़ रुपये के बीच** 10% ऋण), **सीजीटीएमएसई के समान लागत।***

7. ***कुल योजना लागत का** 2% @ **प्रशासनिक लागत**, 200 **करोड़ तक सीमित।***

**राज्य, संघ राज्य क्षेत्र, जिला और ग्राम स्तर पर योजना की निगरानी प्रक्रिया**

**योजना के कार्यान्वयन के बारे में रियल टाइम मोनिट्रिंग और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर और जिला स्तर की निगरानी समितियों का गठन किया जाता है। इन समितियों की संरचना और कार्य निम्नवत हैं।**

**i. राष्ट्रीय स्तर की निगरानी समिति (एनएलएमसी)**

**<u>संरचना:-</u>**

**एनएलएमसी के सदस्य और अध्यक्ष निम्नलिखित हैं:-**

**क. सचिव (डीए एंड एफडब्ल्यू) (सभापति)**

**ख. एमडी एसएफएसी**

**ग. एमडी, एनसीडीसी**

**घ. विशेष सचिव / अपर सचिव और एफए (डीए एंड एफडब्ल्यू)**

**ङ. अपर सचिव डीएफएस**

**च. अपर सचिव (डीए एंड एफडब्ल्यू, भारत सरकार)**

**छ. नाबार्ड के अध्यक्ष या उनके प्रतिनिधि**

**ज. प्रधान सचिव-राज्य सरकार (सरकारें)-चार राज्य रोटेशन से**

**झ. चार राज्यों के राज्य नोडल अधिकारी (रोटेशन द्वारा)**

**ञ. संयुक्त सचिव (डीए एंड एफडब्ल्यू) और किसान कल्याण कार्यक्रम कार्यान्वयन सोसायटी के सीईओ- सदस्य सचिव**

**<u>कार्य:-</u>**

1. **राष्ट्रीय स्तर की निगरानी समिति (एनएलएमसी) योजना के कार्यान्वयन का मार्गदर्शन और संचालन करती है। योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश एनएलएमसी द्वारा अनुमोदित हैं।**
2. **राष्ट्रीय स्तर की कार्यान्वयन समिति (एनएलआईसी) भी योजना के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देशों की जांच और सिफारिश करती है। यह राष्ट्रीय स्तर की निगरानी समिति**

**(एनएलएमसी) द्वारा अनुमोदित दिशानिर्देशों के अनुसार योजना के कार्यान्वयन को सुनिश्चित और समीक्षा भी करता है।**

**ii. राज्य स्तरीय निगरानी समिति**

**<u>संरचना:-</u>**

**एसएलएमसी के सदस्य और अध्यक्ष निम्नलिखित हैं:-**

**क. मुख्य सचिव- सभापति**

**ख. कृषि उत्पादन आयुक्त/प्रधान सचिव, कृषि**

**ग. प्रधान सचिव (समन्वयन)**

**घ. सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस)**

**ङ. मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम), नाबार्ड**

**च. क्षेत्रीय निदेशक, एनसीडीसी**

**छ. राज्य द्वारा नामित अधिकारी (तीन से अधिक नहीं)**

**ज. एसएलबीसी संयोजक**

**झ. राज्य नोडल अधिकारी- सदस्य सचिव**

**<u>कार्य:-</u>**

1. **राज्य स्तरीय निगरानी समिति (एसएलएमसी) राज्य स्तर पर एनएलएमसी दिशानिर्देशों को लागू करती है और एनआईएमसी को फीडबैक प्रदान करती है।**
2. **यह राज्य में योजना के कार्यान्वयन का मार्गदर्शन और संचालन भी करता है।**
3. **यह ओओएमएफ प्रारूप के अनुसार लक्ष्य भी निर्धारित करता है और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करता है**

**iii. जिला स्तरीय निगरानी समिति**

**<u>संरचना:-</u>**

**डीएलएमसी के सदस्य और अध्यक्ष निम्नलिखित हैं:-**

**क. जिलाधिकारी – सभापति**

**ख. जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी/सीडीओ- उपाध्यक्ष**

**ग. जिला कृषि अधिकारी**

**घ. सहकारी समितियों को मनोनीत जिला पंजीयक अधिकारी**

**ड. राज्य द्वारा नामित अधिकारी (तीन से अधिक नहीं)**

**च. डीएलबीसी के प्रमुख जिला प्रबंधक**

**छ. जिला प्रबंधक, नाबार्ड- सदस्य सचिव**

**<u>कार्य:-</u>**

1. **जिला स्तरीय निगरानी समिति (डीएलएमसी) डीएलएमसी समग्र ढांचे के भीतर कार्यान्वयन और निगरानी प्रणाली की पहली पंक्ति है।**
2. **डीएलएमसी ओओएमएफ प्रारूप के अनुसार एसएलएमसी के परामर्श से लक्ष्य निर्धारित करता है और पीएमयू के समर्थन से प्रगति की बारीकी से निगरानी करता है।**
3. **डीएलएमसी पीएमयू के सहयोग से डैशबोर्ड का अनुरक्षण भी करता है।**
4. **यह योजना के सुचारू कार्यान्वयन और जिला स्तर पर किसी भी मुद्दे को हल करने के लिए जिम्मेदार है। कार्यान्वयन के मुद्दों को सुलझाने की प्रक्रिया में जहां भी आवश्यक होगा, समिति को जिला प्रशासन द्वारा समर्थित किया जाएगा।**

**1.25 समिति विभाग के उत्तर को नोट करें प्रसन्न है कि समिति की सिफारिश को स्वीकार कर लिया गया है और योजना की लक्षित 10 वर्ष की अवधि की शेष बची अवधि में कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) योजना के कार्यान्वयन के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। समिति यह भी नोट करती है कि वर्ष 2022-23 के लिए योजना के लिए बजटीय आवंटन 500 करोड़ रुपये है जबकि अपेक्षित राशि 641 करोड़ रुपये होने की परिकल्पना की गई है। अतः समिति यह चाहती है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग योजना के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक आवंटन समय पर प्राप्त करने हेतु कार्यवाही करे ताकि योजना के क्रियान्वयन में बाधा न आए। समिति इस मामले में कार्रवाई से अवगत होना चाहेगी।**

## अध्याय - दो

## टिप्पणियां/सिफारिशें, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया है

**अनुदानों की मांगों का विश्लेषण - मांग संख्या 1**

**(सिफारिश सं. 1)**

**समिति ने नोट किया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को ब.अ. चरण में वर्ष** 2022-23 **के लिए** 1,24,000 **करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो सं.अ.** 2021-22 **की तुलना में** 4.82% **अधिक है। वर्ष** 2019-20, 2020-21 **और** 2021-22 (17.02.2022 **तक) के लिए धन का वास्तविक उपयोग सं.अ. के संदर्भ में क्रमशः** 92.74% 93.03% **और** 80.37% **है। दिनांक** 17.02.2022 **तक** 80.37% **निधियों के उपयोग से पता चलता है कि विभाग को वर्ष** 2021-22 **के शेष बचे लगभग डेढ़ महीनों में निधियों का पूरी तरह से उपयोग करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। समिति का मानना है कि संशोधित अनुमान के बजाय वास्तविक व्यय के साथ तुलना करने के लिए बजट अनुमान एक बेहतर स्रोत है। इसके अलावा, विभाग वर्ष** 2021-22 **के दौरान अब तक अपनी मासिक व्यय योजना पर खरा नहीं उतर पाया है। समिति सिफारिश करती है कि विभाग मासिक व्यय योजना पर अडिग रहकर आबंटित निधियों के शत-प्रतिशत इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करे। उन्हें लगता है कि वर्ष के अंत में खर्च की किसी भी जल्दबाज़ी को हर कीमत पर टाला जाए।**

**सरकार का उत्तर**

**वर्ष** 2021-22 **के लिए व्यय** 114785.35 **करोड़ रु जो कि सं.अ.(**2021-22) **का** 97.03% **है। वित्तीय वर्ष के प्रारंभिक महीनों के दौरान व्यय की धीमी गति** 1 **जुलाई**, 2021 **से प्रभावी सीएसएस योजनाओं के तहत निधियों को जारी करने के लिए संशोधित प्रक्रिया की शुरूआत के कारण थी। इसके अलावा, समिति की सिफारिशों के अनुरूप, यह विभाग धनराशि जारी करने के प्रस्तावों में तेजी लाने और अन्य संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मामले पर बातचीत कर रहा है ताकि धन का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके और वर्ष के अंत में खर्च की जल्दीबाजी से बचा जा सके।**

**समिति की टिप्पणी**

**कृपया समिति की टिप्पणी के लिए इस प्रतिवेदन के अध्याय-I के पैरा 1.7 देखें।**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)**

**फा. सं. 7(5)/2021, दिनांक 27 जून, 2022**

**<u>उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) की स्थिति</u>**

**(सिफारिश सं. 6)**

**समिति यह नोट करती है किया कि राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के पास लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) की राशि वर्ष 2016-17 और 2020-21 के बीच के वर्षों में बढ़ती रही है। समिति को यह जानकर आश्चर्य हुआ कि वर्ष 2016-17 में लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र मात्र 188 करोड़ रुपये थे जो पांच साल की अवधि में सत्रह गुना से अधिक बढ़ गए हैं। इससे यह साबित होता है कि विभाग का निगरानी तंत्र अनिवार्य उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करने में पूरी तरह से विफल रहा है। विभाग द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2018-19 तक, 917.36 करोड़ रुपये की यूसी लंबित थी जो वर्ष 2019-20 के दौरान बढ़कर 1765.57 करोड़ रुपये हो गई। इसके अलावा, वर्ष 2020-21 के दौरान, विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के पास 3237.11 करोड़ रुपये की यूसी लंबित थी। समिति का मानना है कि लंबित यूसी की बढ़ती संख्या निश्चित रूप से विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों/योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डाल रही है क्योंकि लंबित यूसी कार्यान्वयन एजेंसियों को आगे की निधियां प्राप्त करने से वंचित करते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि विभाग द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी प्रणाली अपने कार्य को पूरी लगन से और प्रभावी तरीके से नहीं कर रही है। इसलिए, समिति सिफारिश करती है कि विभाग लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्रों के बढ़ते मामलों पर गंभीरता से विचार करे और इसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी उपकरणों के दौर में पूरी गंभीरता के साथ उठाए और निर्धारित समय के भीतर आवंटित निधियों का उपयोग करने और समय पर यूसी प्रस्तुत करने के लिए सक्रिय रूप से आगे बढ़े ताकि इन राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को इन योजनाओं/कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ मिल सके।**

**<u>सरकार का उत्तर</u>**

**यूसी की लंबित संबंधी मुद्दे को हल करने के लिए और केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) के तहत राज्यों को जारी की गई निधियों की उपलब्धता की बेहतर निगरानी के लिए और भारत सरकार ने हाल ही में 1 जुलाई 2021 से सीएसएस के तहत फंड जारी करने की प्रक्रिया को संशोधित किया है। अन्य बातों के साथ-साथ लंबित यूसी की समस्या से निपटने के लिए प्रक्रिया में सटीक दिशा-निर्देशों का संकेत दिया गया है। यह विभाग राज्य सरकारों के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कर रहा है और इस संबंध में पूर्व में उठाए गए कदमों के अलावा पूर्व में जारी की गई निधियों के उपयोग की निगरानी भी कर रहा है।**

**इसके अलावा, वित्त मंत्रालय ने 1 अप्रैल, 2022 से केंद्र प्रायोजित योजना की तर्ज पर केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत निधि जारी करने के लिए दिशा-निर्देश प्रख्यापित किए हैं।**

**<u>समिति की टिप्पणी</u>**

**कृपया समिति की टिप्पणी के लिए इस प्रतिवेदन के अध्याय-I के पैरा 1.16 देखें।**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)**

**फा. सं..7(5)/2021, दिनांक 27 जून, 2022**

**<u>देश के जनजातीय क्षेत्रों में जैविक कृषि</u>**

**(सिफारिश सं. 9)**

**समिति यह पाती है महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (2005 का संख्या 42) को ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा में वृद्धि करने के लिए पूरे देश में सितंबर, 2005 से कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार को कम से कम एक सौ दिनों की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान किया जाता है। समिति ने यह भी पाया है कि विभाग द्वारा विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही केन्द्रीय क्षेत्र की योजनाओं और केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों की भरमार है। इस संबंध में समिति चाहती है कि मनरेगा अधिनियम, 2005 और इसके कार्यान्वयन को सभी केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमों और विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही सभी केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों से जोड़ा जाना चाहिए ताकि निर्धारित समय-सीमा के भीतर किसानों की आय दोगुनी हो जाए।**

**सरकार का उत्तर**

**विभाग की कुछ योजनाओं में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और पंचायती राज संस्थाओं द्वारा संचालित योजनाओं के साथ विलय का प्रावधान है। मनरेगा को सभी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं और विभाग द्वारा लागू की जा रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं से जोड़ने के लिए समिति की सिफारिशों को विचार के लिए नोट किया जाता है।**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)**

**फा. सं. 7(5)/2021, दिनांक 27 जून, 2022**

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफ़बीवाई)**

**(सिफारिश सं. 10)**

**वर्ष** 2021-22 **के लिए** 15989 **करोड़ रुपये के सं.अ. की तुलना में वर्ष** 2022-23 **के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के कार्यान्वयन के लिए** 15500 **करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है। जहां तक** 2021-22 **में** 16000 **करोड़ रुपये के बजट अनुमान की तुलना में** 2022-23 **में योजना के लिए कम आवंटन का संबंध है, कृषि और किसान कल्याण विभाग ने कहा है कि यह योजना मांग आधारित है और योजना के तहत कवरेज और मांग की स्थिति के आधार पर, यदि आवश्यक हो, तो संशोधित अनुमान** 2022-23 **चरण में अतिरिक्त धन की मांग की जा सकती है। समिति सिफारिश करती है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को मांग की स्थिति और योजना के लिए निधियों की आवश्यकता का आकलन करने के लिए नियमित अंतराल पर योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा करनी चाहिए।**

**सरकार का उत्तर**

**यह विभाग हितधारकों की साप्ताहिक वीडियो कॉन्फ्रेंस, बीमा कंपनियों/राज्यों के साथ बैठकों आदि के माध्यम से निधियों की आवश्यकता सहित पीएमएफबीवाई के कार्यान्वयन की नियमित रूप से निगरानी/समीक्षा करता है , आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त धनराशि आवंटित की जा सकती है।**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)**

**फा. सं. 7(5)/2021, दिनांक 27 जून, 2022**

**सिफारिश सं.11**

**समिति की इच्छा है कि विभाग कतिपय राज्यों द्वारा इस योजना के गैर-कार्यान्वयन के कारणों की जांच करे और आवश्यक उपाय करे और सर्वोत्तम संभव तरीके से उनका समाधान करने का प्रयास करे और यह भी सुनिश्चित करे कि इस योजना को किसानों के लिए अधिक आकर्षक और लाभकारी बनाया जाए, विशेष रूप से उन राज्यों में, जो प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त हैं ताकि देश के सभी हिस्सों में किसानों को पीएमएफ़बीवाई योजना का लाभ प्राप्त करने का अवसर मिल सके।**

**<u>सरकार का उत्तर</u>**

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए उपलब्ध है और उनके लिए स्वैच्छिक है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र अपनी जोखिम धारणा और वित्तीय विचारों आदि को ध्यान में रखते हुए योजना कों अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, सरकार समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर इन राज्यों के साथ और कार्यान्वयन न करने वाले राज्यों को लिखकर मामले को उठा रही है। वैकल्पिक जोखिम प्रबंधन तंत्र और योजना के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों की जांच करने और उपचारात्मक उपायों का सुझाव देने के लिए विभाग द्वारा एक कार्य समूह भी गठित किया गया है।**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)**

**फा. सं. 7(5)/2021, दिनांक 27 जून, 2022**

**सिफारिश सं. 12**

**समिति ने यह भी नोट किया है कि विभाग का उत्तर कि पीएमएफबीवाई के अंतर्गत लाभार्थी खातों की आधार सीडिंग और भूमि अभिलेखों का एकीकरण महाराष्ट्र, ओडिशा और**

**राजस्थान में किया गया है, ने पीएमएफबीवाई योजना में दोहरेपन और चोरी की समस्या से बचने और उसका समाधान करने के लिए कदम उठाए हैं। समिति का मानना है कि विभाग को सभी उपाय करने चाहिए ताकि वर्ष** 2022-23 **के दौरान शेष सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में सफलता की कहानियों को दोहराया जा सके।**

**<u>सरकार का उत्तर</u>**

**विभाग राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (एनसीआईपी) के साथ राज्यों के भूमि अभिलेखों के एकीकरण के मामले को सभी पीएमएफबीवाई लागू करने वाले राज्यों के साथ उठा रहा है। लेकिन स्थानीय भाषा में अभिलेखों की उपलब्धता जैसी कई चुनौतियों के कारण कुछ राज्यों में अभिलेखों का डिजिटलीकरण नहीं होने से मार्ग में बाधा आ रही है। हालांकि मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के भू-अभिलेखों को एनसीआईपी से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**
**(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)**
**फा. सं. 7(5)/2021, दिनांक 27 जून, 2022**

**<u>संशोधित ब्याज सहायता योजना</u>**
**(सिफारिश संख्या 13)**

**समिति ने नोट किया है कि किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को रियायती फसल ऋण प्रदान करने के लिए** 2006-07 **के दौरान शुरू की गई संशोधित ब्याज सहायता योजना के कार्यान्वयन के लिए बीई** 2022-23 **में** 19500.00 **करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। समिति को सूचित किया गया कि यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका शत प्रतिशत भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है। योजना के लिए आरई** 2021-22, 18142.30 **करोड़ रुपये है। कृषि क्षेत्र के लिए ऋण, जिसमें किसानों के लिए सावधि ऋण और अल्पकालिक ऋण शामिल हैं, को नाबार्ड के परामर्श से वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित किया जाता है। प्राप्त उत्तर के अनुसार, वित्तीय सेवा विभाग** 2022-23 **के लिए किसानों के लिए अल्पकालिक ऋण सहित जमीनी स्तर के ऋण का लक्ष्य निर्धारित करने की प्रक्रिया में है। समिति ने इस उत्तर नोट को किया कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी की स्कीम**

**के अंतर्गत निधियों का उपयोग कार्यान्वयन एजेंसियों से अलग-अलग लेखा परीक्षित दावों की अनुपलब्धता के कारण बहुत कम है। इसी प्रकार पूर्वोत्तर क्षेत्र स्कीम के अंतर्गत निधियों का उपयोग बिल्कुल भी संतोषजनक नहीं है क्योंकि पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुल कृषि योग्य क्षेत्र देश के कुल सकल फसली क्षेत्र (जीसीए) का लगभग 2.74% है और भूमि का सामुदायिक स्वामित्व उस क्षेत्र में प्रचलित है। उत्तर के अनुसार, कृषि और किसान कल्याण विभाग ने फरवरी 2020 के बाद से केसीसी के तहत अधिकतम किसानों को लाने के लिए वित्तीय सेवा विभाग और अन्य हितधारकों के सहयोग से पूरे देश में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कवरेज अभियान शुरू किया है और 2022-23 में किसानों की ऋण आवश्यकताओं में वृद्धि होगी। तथापि, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने यह भी कहा है कि उसके पास संशोधित ब्याज सहायता योजना के संबंध में राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार वित्तीय निष्पादन का ब्यौरा नहीं है। चूंकि यह योजना देश के सभी पात्र किसानों के लिए एक मांग आधारित योजना है, इसलिए समिति उन बहुत कम राज्यों में जहां से मांग आई है, योजना के वित्तीय निष्पादन का आकलन करने में विभाग द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों को समझने में विफल रही है। इसके अतिरिक्त, विभाग ने यह कारण बताया है कि इस योजना के लिए कोई राज्य-वार बजटीय आबंटन नहीं किया जाता है अर्थात् एकल रूप से आश्चर्यजनक रूप से और सरकारी क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) और सहकारी बैंकों से प्राप्त स्कीम के घटकों के प्रति लेखा परीक्षित दावों के निपटान के लिए उस योजना के अंतर्गत निधियां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) तथा राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को जारी की जाती है। इस पृष्ठभूमि में, समिति सिफारिश करती है कि कृषि और किसान कल्याण विभाग कृषि क्षेत्र, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार कृषि क्षेत्र, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार देश में विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों केसीसी के लाभार्थियों में राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार वार्षिक और मौसमी ऋण आवश्यकताओं के बारे में एक अद्यतन और समवर्ती सूचना प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए एक उपयुक्त तंत्र स्थापित करेगा।**

**<u>सरकार का उत्तर</u>**

**देश में कृषि क्षेत्र में किसानों विशेष रूप से छोटे और सीमान्त किसान जो केसीसी के राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार लाभार्थी हैं, की राज्य और संघ राज्य क्षेत्र-वार वार्षिक और मौसमी**

**ऋण की जरूरतों के बारे में अद्यतन और समवर्ती जानकारी रखने के लिए एक उपयुक्त कार्य-तंत्र को सक्षम बनाने के संबंध में समिति की सिफारिश को नोट किया गया है। इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि संशोधित ब्याज छूट योजना के तहत अधिक संवितरण के लिए ब्याज छूट योजना के तहत दावों का निपटान करने के लिए इसकी कार्यान्वयन एजेंसियों अर्थात भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को निधियां जारी की जाती हैं ताकि वे बैंकों/आरआरबी/सहकारी समितियों को निधियां जारी कर सकें। आईएसएस के तहत कोई राज्य-वार आवंटन/निर्मुक्ति नहीं की गई है। हालांकि, ब्याज छूट योजना (आईएसएस) के तहत दावों की तेजी से प्रतिपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सुदृढ़ डेटा बनाना और योजना की उचित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए एक पोर्टल विकसित किया जा रहा है।**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**(कृषि एवं किसान कल्याण विभाग)**

**फा. सं. 7(5)/2021, दिनांक 27 जून, 2022**

**सिफारिश संख्या 15**

